# यूहैकथॉन के विनर्स की घोषणा

**DEHRADUN (7 Sept):** यूपीईएस में यूहैकथॉन का चौथा संस्करण 24 घंटे के कोडिंग मैराथन के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ, जिसमें डीजीपी अशोक कुमार व यूएनडीपी डॉ. प्रदीप सिंह राय मौजूद रहे. यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस विभाग के डीन डॉ. रवि एस अय्यर के नेतृत्व में आयोजित, इस वर्ष की थीम 'मेटावर्स' के अवधारणा पर केंद्रित थी. इस दौरान वैश्विक अभिसरण का प्रदर्शन किया, जिसमें भारत के हर कोने और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं तक पहुंचने वाले 1,200 से अधिक प्रतिभागियों के विभिन्न समूह को




आकर्षित किया. ज्यूरी पैनल में एप्पल के सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर शुभम पटेल, रजत जैन, सॉफ्टवेयर डेवलपर, माइक्रोसॉफ्ट सुभेंदु रंजन मिश्रा और अंशुल वार्ष्णेय शामिल थे. पैनल द्वारा मूल्यांकन के बाद, 25 राष्ट्रीय टीमें और 5 अंतराष्ट्रीय टीमें फाइनलिस्ट के रूप में उभरीं. राष्ट्रीय टीम पुरस्कारों के लिए विजेता का खिताब यूपीईएस की टीम हाइपरकिन ने जीता. विजेता टीम (राष्ट्रीय) को 1,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला.